सैनिक स्कूल रीवा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

विन्ध्य की शान व राज्य का एकमात्र सैनिक स्कूल रीवा में पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 दिसम्बर 2022 से प्रारम्भ होगा और इसका समापन समारोह दिनांक 17 दिसम्बर 2022 को आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह दिनांक 13 दिसम्बर 2022 को प्रातः 0900 बजे वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, एवीएसएम, एनएम, चीफ आफ पर्सनल, एकीकृत मुख्यालय (भारतीय नौसेना) के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। इस प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्राओं के द्वारा विविध प्रकार के ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया जायेगा जिसमें मुख्य रूप से 100 मीटर दौड़, रिले दौड़, पगबाधा दौड़, 3000 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक प्रतियोगिता, गोला फेंक, ऊँची कूद एवं लम्बी कूद इत्यादि का आयोजन किया जायेगा।

उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के पुराछात्र, सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी सादर आमंत्रित हैं।